आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 अप्रैल 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय से प्रदेश भर के विद्यालयों के लिए **स्कूल चलो अभियान** का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों की तरफ से लगाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलों का भी निरीक्षण किया और उनकी इस प्रतिभा का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने जिले के पांच निपुण विद्यालय, पांच निपुण बच्चों और पांच नव प्रवेशी बच्चों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि–

उत्तर प्रदेश में हम स्कूली शिक्षा पर अस्सी हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि खर्च करते हैं। अस्सी हजार करोड़ रूपये इसका रिजल्ट आना चाहिए। ये पैसा इसलिए दिया जाता है कि इससे परिणाम सामने आए और परिणाम के वाहक आप शिक्षण गण हैं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारीगण हैं। आपने मेहनत की सरकार आपके साथ खड़ी है। आपने देखा होगा जहां कस्तूरबा गांधी विद्यालय नही थे वहां पर उस ब्लाक में भी कस्तूरबा गांधी विद्यालय के लिए हमने बजट में पैसा दे दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार में शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता था और सिर्फ नकल की बात की जाती थी। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह के बाद से उनकी सरकार में सबसे ज्यादा ध्यान बच्चों की शिक्षा पर ही दिया जा रहा है यही कारण है कि आज सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या अच्छी खासी हो गई है। कार्यक्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। **स्कूल चलो अभियान** का शुभारंभ करने से पूर्व मुख्यमंत्री ने वाराणसी में काशी के कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल शाम गोरखपुर के घंटाघर में महानगर के दूसरे बहुमंजिला पार्किंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। इसके निर्माण पर सत्ताइस करोड़ छब्बीस लाख रुपये खर्च हुए हैं। मुख्यमंत्री नगर निगम की तरफ से कराए गए घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करने के साथ ही चौंतीस करोड़ तैंतालीस लाख रुपये की लागत से पांडेयहाता में बनने वाले नए कमर्शियल कॉम्प्लेक्स की आधारशिला भी रखेंगे।

****

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने प्रयागराज दौरे के दूसरका दिन आज सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक और पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने आम लोगिन क समस्याएं भी सुनीं। प्रयागराज में मीडिया से बतियावत में उप मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने सत्ता में रहते हुए विकास नहीं किया। इसी के चलते दो हजार सत्रह में प्रदेश की जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया।

****

भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर, ग्रीन सानवी युद्धग्रस्त होर्मुज जलडम–मध्य को सुरक्षित रूप से पार करके स्वदेश आ रहा हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच होर्मुज जलडम–मध्य को पार करने वाला यह सातवां भारतीय एलपीजी टैंकर है। पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में इस समय कुल सत्रह भारतीय ध्वज वाले जहाजों में चार सौ से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। अब तक खाड़ी क्षेत्र से एक हजार एक सौ तीस से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो चुकी है।

****

प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिये संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट से तीस अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे। राज्य में सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी संस्थानों में पॉलिटेक्निक की कुल दो लाख चौवालीस हजार नौ सौ बहत्तर सीटों के लिये पन्द्रह मई से बाइस मई तक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा होगी।

****

उत्तर प्रदेश पुलिस ने पाकिस्तान के आईएसआई से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के चार संदिग्ध सदस्यों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। एक रिपोर्ट–

पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते के अनुसार, मेरठ निवासी साकिब उर्फ डेविड और अरबाब तथा गौतम बुद्ध नगर निवासी विकास गहलावत और लोकेश को कल गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि इस मॉड्यूल ने रेलवे सिग्नल बॉक्स, भीड़भाड़ वाली जगहों, गैस सिलेंडरों से लदे वाहनों और प्रतिष्ठित संगठनों के परिसरों में विस्फोट करके दहशत फैलाने की योजना बनाई थी और उनका पहला निशाना लखनऊ रेलवे स्टेशन था। साकिब, जोकि एक नाई के रूप में काम करता था, इस गिरोह का सरगना था और वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने पाकिस्तानी एंडलर के संपर्क में था। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।

****

प्रदेश में कल से तेज हवाओं के चलने और कई स्थानों पर हल्की बारिश का सिलसिला आज भी जारी रहा। कल रात कुछ जिलों में ओलावृष्टि हुयी जबकि चित्रकूट, वाराणसी, भदोही और ललितपुर में बारिश के साथ बिजली भी गिरी। आज प्रदेश के पूर्वी हिस्से में मध्यम से तेज गति की हवाओं के चलने के साथ आसमान में बादल छाये रहे। मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में कल कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

****